
छापेमारी

सरगना बल्ली फरार, दो सटोरिए गिरफ्तार, लैपटॉप-मोबाइल जब्त

हाईटेक सट्टेबाजी के अड्डे पर छापा, 15,000 की सैलरी पर रखे थे गुर्गे



जबलपुर। गढ़ा पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने प्रेमनगर स्थित एक मकान में दबिश देकर लैपटॉप और मोबाइलों के जरिए कल्याण और राजधानी सट्टा खिला रहे दो सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया नेटवर्क बेहद शातिर तरीके से चल रहा था, जहाँ मुख्य सरगना ने बाकायदा मासिक वेतन 15,000 रूपए पर कर्मचारियों को सट्टा लिखने के काम पर रखा था |सरगना बल्ली फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा के मुताबिक क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि प्रेमनगर में एमजी शोरूम के पीछे वाली गली में कुछ लोग मोबाइल और अन्य आधुनिक उपकरणों के जरिए अंकों की हार-जीत का दांव लगवा रहे हैं। सूचना मिलते ही गढ़ा थाना और क्राइम ब्रांच की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने जब प्रेमनगर स्थित रोमेश गुप्ता के मकान में छापा मारा, तो वहाँ दो युवक लैपटॉप और कई मोबाइलों के साथ सट्टे की बुकिंग लेते मिले। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को जयप्रकाश यादव (51) निवासी प्रेमनगर, गढ़ा, अमित कुशवाहा (35) निवासी साहिब टाउनशिप, ग्वारीघाट को दबोचा। आरोपियों के कब्जे से सट्टा संचालन में इस्तेमाल होने वाला लैपटॉप, पेन ड्राइव, एक एंड्रॉइड मोबाइल, 3 कीपैड मोबाइल, 4 मोबाइल चार्जर और 1 एक्सटेंशन बोर्ड, 2 कैलकुलेटर, 2 डायरियां, सट्टा पर्ची, स्टेशनरी सामग्री और कल्याण व राजधानी सट्टे के नंबर समेत मौके से 6,200 नगद बरामद किए गए।

बल्ली गुप्ता संभालता था लेन-देन

गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपियों ने बताया कि वे खुद इस धंधे के मालिक नहीं हैं। घमापुर निवासी बल्ली गुप्ता ने उन्हें 15,000 प्रति माह की सैलरी पर सट्टा लिखने के लिए रखा था। सट्टा लगाने वाले ग्राहकों से पैसों का पूरा लेन-देन और मुख्य हिसाब-किताब सीधे बल्ली गुप्ता ही करता था। आरोपियों के मोबाइल में कई अन्य सटोरियों और ग्राहकों के नंबर भी सेव मिले हैं।

घमापुर और धनवंतरीनगर में दबिश

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने मुख्य सरगना बल्ली गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों, घमापुर चौक और धनवंतरीनगर में तत्काल छापेमारी की, लेकिन वह पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि फरार मुख्य आरोपी बल्ली गुप्ता को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जिसके बाद शहर के कई अन्य सफेदपोश सटोरियों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

गूंज संस्था के संगीत कार्यक्रम में सम्मानित हुए कलाकार

नवभारत,जबलपुर। गूँज अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा वृद्ध आश्रम में शानदार संगीत का आयोजन संपन्न हुआ।इस मौके पर नगर के स्वर साधकों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। फूल तुम्हें भेजा है खत में..... जवां है मोहब्बत तौबा ये मतवाली चाल ... जहां में जाती हूं वहीं चले आते हो... गंगा मैया में जब तक के पानी रहे ... धूप में निकला ना करो रूप की रानी ... जैसी गीतों की प्रस्तुतियां हुई और इन गानों के गायक कलाकारों को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में उमेश मिश्रा स्मृति में हुई मातृशक्ति सम्मानित डॉ .राजलक्ष्मी शिवहरे एवं अन्नपूर्णा दुबे एवं ब्रांड एंबेसडर सम्मान से प्रणवी झांसियां सम्मानित हुईं।आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. आर .एल .शिवहरे विशिष्ट अतिथि माननीय आचार्य डॉ ,हरिशंकर दुबे , अध्यक्षता लोक गंधर्व पंडित रुद्रदत्त दुबे रहे। इस अवसर नगर के साहित्यकार सुरेश विचित्र, एन .पी .दुबे अभिमन्यु जैन सुरेश दर्पण, डॉ अनिल वाजपेयी ,विनोद स्वामी ,धरमपाल ,डॉ ,पूनम शर्मा , सुशील श्रीवास्तव ,मदन गोपाल ,चरन जीत ,मिली मिश्रा ,मनोज निनोरिया ,राखी मजुमदार ,सुमन चौरसिया , हर्ष चौरसिया सरस्वती द्विवेदी रंजना गुप्ता मौजूद रहे।

लड़कों से आगे इस बार भी निकलीं लड़कियां

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया 12वीं का परीक्षा परिणाम

शहर के प्रमुख स्कूलों में जश्न का माहौल



नवभारत,जबलपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जबलपुर के प्रमुख स्कूलों में जश्न का माहौल रहा और छात्रों ने 95ज् से अधिक अंक हासिल किए हैं। इस साल भी परीक्षा में लड़कियां लड़कों से आगे रहीं। संस्कारधानी की होनहार छात्रा सान्वी प्यासी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शहर और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। क्राइस्ट चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नॉर्थ सिविल लाइंस की छात्रा सान्वी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सान्वी प्यासी, संजय प्यासी और प्रीति प्यासी की सुपुत्री हैं। उनके माता-पिता ने सान्वी की पढ़ाई के प्रति उनकी लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सान्वी ने शुरू से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। जानकारी के अनुसार जबलपुर के रिदमेश त्रिपाठी कॉमर्स संकाय में 92 प्रतिशत अंक मिले हैं, इनके पिता बिजनेस करते हैं। जबलपुर के अर्वन नेमा ने 92 प्रतिशत, ओम यादव ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ओम की मां गृहिणी हैं। वहीं पनागर के कक्षा 12वीं के छात्र विराट बोहत ने 82.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

आरोपी बना रहे दबाव, पुलिस पेश नहीं कर रही चालान

चाकूबाजी के पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार



जबलपुर। साहब...तीन बदमाशों ने मुझ पर चाकू से हमला किया था। गोहलपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया लेकिन 11 माह बाद भी पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश नहीं किया है। आरोपी लगातार एफआईआर वापिस लेने उस पर दबाव बना रहे है। ये शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की है । शिकायतकर्ता सौरभ रजक पिता स्व. उमेश रजक, निवासी तुलसी मोहल्ला, बाई का बगीचा, घमापुर ने बताया कि 5 जून 2025 को वे अपने फूफा ओमप्रकाश रजक के यहां गोहलपुर, अमखेरा गया था, जहाँ से वापस आते समय मोटर सायकिल चालक ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी थी इसके बाद विवाद हुआ। टक्कर मारने वाली बाइक में तीन लोग सवार थे जिन्होंने उनके साथ मारपीट की और उस पर चाकू से हमला कर भाग गए थे। 8 जून को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । तीनों आरोपियों राजा रजक, भरत रजक एवं विशाल रजक, तीनों निवासी तेंदूखेड़ा को थाना गोहलपुर से ही जमानत दे दी गई थी। उक्त प्रकरण में 11 माह बाद भी न्यायालय में चालान पेश नहीं किया गया है। कई बार संपर्क करने के बाद भी विवेचक अंभुज पांडे द्वारा कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई, और लगातार तारीख दी जा रही है। जबकि आरोपियों के द्वारा लगातार एफआईआर वापिस लेने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा है साथ ही धमकी दी जा रही है।

एसडीओपी तथा महिला एसआई ने हाईकोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी

जमानती वारंट जारी होने पर महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर किया था पेश

हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

जबलपुर। जमानतीय वारंट जारी होने पर चित्रकूट पुलिस के द्वारा महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर पेश किया गया। महिला रजिस्ट्रार को पेश करने से पहले ही हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया था। याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में उपस्थित हुए एसडीओपी तथा महिला एसआई की तरफ से गलती स्वीकार करते हुए बिना शर्त माफी मांगी गयी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक मिश्रा ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये हैं ।

याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ प्रमिला सिंह की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह महात्मा गांधी महात्मा गांधी ग्रामोदय यूनिवर्सिटी चित्रकूट में कार्यरत थी। उन्हें सेवानिवृत्त हुए सात साल हो गये है। सेवा देयकों का भुगतान नहीं किये जाने के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने दिसम्बर 2024 में भुगतान करने के आदेश जारी किये थे। जिसका पालन नहीं होने के कारण उक्त अवमानना याचिका दायर की गयी है।

अवमानना याचिका की



सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट रजिस्ट्रार नीरजा नामदेव के खिलाफ 25 हजार रुपये का जमानती वारंट सतना पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जारी किया था। हाईकोर्ट ने महिला रजिस्ट्रार को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश जारी किये थे। हाईकोर्ट ने 6 मई को याचिका पर सुनवाई के दौरान भुगतान संबंधित रसीद पेश करने पर याचिका का निराकरण कर दिया था। याचिका का निराकरण होने के बाद पुलिस के द्वारा महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर पेश किया गया था। हाईकोर्ट में उपस्थित चित्रकूट पुलिस स्टेशन में पदस्थ सब इंस्पेक्टर सुश्री नेहा ठाकुर ने बताया कि उन्होंने एसडीओपी चित्रकूट के आदेश पर महिला रजिस्ट्रार को कोर्ट के सामने पेश किया है। इसके अलावा महिला रजिस्ट्रार ने बेल बॉन्ड नहीं भरा है।

एकलपीठ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि महिला रजिस्ट्रार को कोर्ट के सामने जबरदस्ती पेश करने के कोई निर्देश नहीं दिये थे। हाईकोर्ट एकलपीठ ने महिला रजिस्ट्रार को तत्काल रिहा करने के आदेश जारी करते हुए अगली सुनवाई के दौरान महिला सब इंस्पेक्टर तथा एसडीओपी राकेश बंजारा को व्यक्तिगत रूप से तलब किया था।

याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान एसडीओपी तथा महिला सब इंस्पेक्टर व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर क्षमा याचना की। एकलपीठ ने सुनाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये।

एक नजर में



उपद्रवियों ने वाहनों में की तोड़फोड़, घरों पर पथराव

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया । देर रात तक वाहनों में तोड़फोड़ की बल्कि घरों पर पत्थराव किया। वारदात से कॉलोनिवासियों में दहशत व्याप्त हो गई। बाद में मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई । जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी हिमांशु पटेल ने बताया कि मंगलवार, बुधवार की दरमियानी रात चार से पांच गाड़ियों में उपद्रवी पहुंचे और उन्होंने घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। वाहनों के कांच तोड़ने के बाद घरों में पत्थर चलाए। पथराव, तोड़फोड़ से रहवासी दहशत में आए। उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। सीसीटीव्ही कैमरों के जरिए आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा जीएसटी कमिश्नर को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत,जबलपुर। विदाई समारोह में जबलपुर के जीएसटी कमिश्नर एवं कमेटी के वाइस चेयरमैन लोकेश लिल्हारे को उनके भोपाल स्थानांतरण पर 'केंद्रीय कार्यकारिणी व सभी सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में कमेटी की अध्यक्ष एवं प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स सविता बुंदस द्वारा लिल्हारे का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया ।इसके बाद कमेटी के ट्रेजरार एवं दूरदर्शन के पूर्व निदेशक अविनाश दुर्गे द्वारा भी उनका पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया ।डिफेंस ईस्टेट ऑफिसर नेहा गुप्ता, टीएफआरआई से डॉक्टर सक्सेना एवं केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल अनुपम शुक्ला द्वारा भी उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में अविनाश दुर्गे द्वारा जीएसटी कमिश्नर लिल्हारे का विस्तृत परिचय एवं विगत लगभग 3 वर्षों से उनके द्वारा किए गए कमेटी के सहयोग के बारे में जानकारी दी गई एवं उनके द्वारा दिए गए सतत मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की ।कार्यक्रम में जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे को कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स सविता बुंदस, पूर्व निदेशक दूरदर्शन अविनाश दुर्गे, एयरपोर्ट अथॉरिटी से नीरज कुमार एवं कमलेश शर्मा, डिफेंस इस्टेट ऑफिसर नेहा गुप्ता, पूर्व सेक्रेटरी बृजेश सिन्हा, डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर वसीम उल हक, पीसीपीओ एस डी पाटीदार, लेबर वेलफेयर कमिश्नर नवीन वैद्य, जॉइंट कंट्रोलर डिफेंस अकाउंट्स पी एस मीणा, सीजीएचएस एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर सुधांशु ,सीजीएचएस से ही डॉक्टर पाटिल ,टीएफआरआई से डॉक्टर सक्सेना, झुलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया से डॉक्टर भटनागर, केंद्रीय विद्यालय सीएमएम प्रिंसिपल अनुपम शुक्ला, स्टेनी जेवियर ,आयकर अधिकारी एवं रूप सिंह मरावी एनफोर्समेंट ऑफीसर ईपीएफओ मौजूद रहे।

कैंसर की बीमारी से ग्रस्त युवक ने लगाई फांसी

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत झंडा चौक निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक केंसर की बीमारी से ग्रस्त था । पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक छोटेलाल रैकवार निवासी नई बस्ती सुभाषनगर झंडा चौक रांझी वह ड्रायवरी करता है उसका साला वीरेन्द्र सिंह सिसोदिया 38 वर्ष केंसर की बीमारी से पीड़ित था जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था जिसको मेडिकल कॉलेज से 12 मई की रात लगभग 8 बजे छुट्टी दे दी थी जिसे घर लेकर आ गये थे वीरेन्द्र सिंह बीती रात लगभग 10-30 बजे घर में फांसी लिया जिससे उसकी मौत हो गई ।

अवैध रेत से लदा हाईवा जब्त, चालक गिरफ्तार

जबलपुर। ग्वारीघाट थाना पुलिस ने बीती रात घेराबंदी करते हुए रेत से ओवरलोड एक हाईवा को पकड़ा है। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे चालक को विसर्जन कुण्ड के पास दबोचा गया। पुलिस ने रेत सहित वाहन को जब्त कर चालक और वाहन मालिक दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्वारीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक हाईवा डम्फर भटौली ग्वारीघाट से अवैध रेत भरकर, बिना किसी रॉयल्टी के बिग बाजार की ओर रवाना



हुआ है। सूचना पर तत्काल दुर्गा नगर क्षेत्र में दबिश दी। हाईवा क्रमांक एमपी 20 एच बी 8991 आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और वाहन को तेजी से विसर्जन कुण्ड की ओर भगाने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर विसर्जन कुण्ड के पास घेराबंदी की और हाईवा को रोक लिया। पुलिस ने जब हाईवा की जांच की तो वह पूरी तरह रेत से लोड था। चालक राकेश ठाकुर (38) निवासी ग्राम गांजर, थाना पनागर से जब रेत परिवहन से संबंधित रॉयल्टी और वैध दस्तावेज मांगे, तो चालक के पास कोई कागजात नहीं मिले। आरोपी चालक राकेश ने बताय कि वह यह रेत बेलखाडू से लोड करके लाया था। उसने कबूल किया कि वाहन मालिक वकील यादव के कहने पर वह बिना रॉयल्टी के इस रेत की खेप को ठिकाने लगाने जा रहा था। पुलिस ने अवैध रेत से लदे हाईवा को मौके पर ही जप्त कर लिया है। चालक राकेश ठाकुर और वाहन मालिक वकील यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

द्वारिकाधीश वेयर हाउस की होगी जांच, खराब गेहूं मिलने की शिकायत

बघराजी खरीदी प्रभारी पर होगी कार्रवाई, उपर्जित गेहूं की बोरियों पर नहीं लगे थे टैग



जबलपुर। कुंडम के तहसील के बघराजी खरीदी केंद्र के गेहूं की बोरियों में टैग नहीं लगाए जाने पर खरीदी केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने दे दिए है। दरअसल बघराजी खरीदी केंद्र का गत दिवस स्वयं कलेक्टर ने निरीक्षण किया था एवं किसानों से उपार्जित गेहूँ की बोरियों पर टैग लगा नहीं पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये थे। वहीं एक अन्य मामले में कलेक्टर ने सिहोरा तहसील के द्वारकाधीश वेयरहाउस में पूर्व वर्षों का भंडारित गेहूँ खराब होने की मिली शिकायत पर शीघ्र जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए है।

रात में भी मारे छापे, गड़बड़ी पर तुरंत एक्शन लें

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि रात में भी खरीदी केंद्रों में अचानक छापेमारी करें। गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा पाये जाने पर तुरंत एक्शन लेते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने गेहूं उपार्जन में अनियमतताओं की मिलने वाली प्रत्येक शिकायत पर कठोर कार्यवाही के निर्देश उपार्जन से जुड़े अधिकारियों को दिये हैं। बैठक में कलेक्टर ने खरीदी केंद्र वार गेहूं के उपार्जन, परिवहन और भंडारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उपार्जित गेहूं की शत-प्रतिशत मात्रा का गोदामों में सुरक्षित भंडारण करने तथा स्वीकृति पत्रक जारी कर किसानों को भुगतान में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुये अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने तथा खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी से निरंतर संपर्क में रहने की हिदायत दी।

अनुदानित ग्रेड यूरिया के गैर कृषि उपयोग को रोकने समितियां गठित

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले में यूरिया के गैर कृषि तथा औद्योगिक उपयोग को रोकने एवं अन्य अनियमितताओं पर सख्त निगरानी रखने अनुभाग स्तर पर समितियां गठित की है।

चार सदस्यों की इन समितियों में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं जिला प्रबंधक उद्योग को शामिल किया गया है।

कलेक्टर सिंह ने इन समितियों को 31 मई तक अपने क्षेत्र की ऐसी सभी औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं, जहाँ टेक्निकल ग्रेड यूरिया या यूरिया फार्मेल्डिहाइड के स्थान पर अनुदानित ग्रेड का यूरिया इस्तेमाल होने की संभावना हो। ऐसी औद्योगिक इकाइयों में पशु आहार एवं पोल्ट्री फीड, रेजिन एवं लेमिनेशन, डीजल एक्जास्ट फ्लूइड, प्लाइवुड, अल्कोहल उद्योग शामिल हैं। अनुभाग स्तर पर गठित समितियां निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही करेंगी और अपना प्रतिवेदन उप संचालक कृषि कार्यालय को देगी।

दो बमबाजों को पुलिस ने दबोचा

जबलपुर। माढ़ोताल पुलिस ने पाटन वायपास पवन ढाबा के आगे घेराबंदी करते हुए दो बमबाजों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से दो सुअरमार बम, बाइक जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक पाटन वायपास पवन ढाबा के आगे अपराध करने के इरादे से घूम रहे बाइक क्रमांक एमपी 20 एन आर 0918 के चालक अमित रजक 24 वर्ष निवासी लार्डगंज एवं पीछे बैठे अभिषेक भूमिया 19 वर्ष निवासी पौड़ी बेलखाडू कटंगी को दबोचा गया। तलाशी लेने पर दो सुअरमार बम रखे मिले। पुलिस ने बमों, बाइक को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया ।



स्वच्छता को लेकर ग्राहकों ने दिया सकारात्मक फीडबैक

नवभारत,जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को स्वच्छता में अव्वल लाने के उद्देश्य से बुधवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नौदराब्रिज स्थित के .मॉल के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ मॉल में आने वाले ग्राहकों ने भी स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और शहर हित में साकारात्मक स्वच्छता फीडबैक देकर जबलपुर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर स्वच्छता टीम के सदस्यों ने लगभग 400 से अधिक फीडबैक फार्म भरवाए गये। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा लगातार सभी वर्गो से संवाद किया जा रहा है और शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 में नम्बर 1 बनाने की दिशा में जनभागीदारी करने एवं साकारात्मक फीडबैक देने अपील की जा रही है, जिसके अंतर्गत शहर के सभी वर्गो के लोग आगे आकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

अव्यवस्था

सफाई कर्मचारी सड़को के पास से कचरे का ढेर नहीं उठा रहे

सिविल लाइंस जैसे पॉश इलाके की सफाई व्यवस्था चरमराई



जबलपुर, नवभारत। शहर के कई इलाकों में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालात ये हैं कि सिविल लाइन्स स्थित न्यायाधीश निवास के आसपास की गलियों और मोहल्लों के सामने कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिविल लाइंस के अंतर्गत आने वाली फैक्ट्री मार्ग में सफाई न होने से नागरिक परेशान हैं। क्षेत्रीय नागरिक ने बताया कि सिविल लाइंस का पॉश एरिया होने के बावजूद भी यहां जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहाँ ज़्यादातर न्यायालय से जुड़े बड़े अधिकारियों के घर मौजूद है इसके बाद भी मोहल्ले में साफ-सफाई का अभाव है। सफाई कर्मचारी सड़को के पास से कचरे का ढेर नहीं उठा रहे, जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जगह जगह लगा कचरे का ढेर

इसके साथ ही सिविल लाइंस क्षेत्र की नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से ये पूरी तरह जाम हो गई हैं। नालियों का गंदा पानी कई जगह ओवरफ्लो होकर सड़क और लोगों के घरों के सामने जमा हो जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगो का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। वही लोगो का कहना है कि इस पॉश इलाके में सफाई न होने से लोगों को संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। नाली के गंदे पानी के कारण क्षेत्र में मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है।